प्रारूप.1.5

# NOTE FOR JUSTIFICATION

**परियोजना का नाम :–जिला योजना के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढवाल के विकास खण्ड भिलंगना मे झाला – कोटी मोटर मार्ग का नव निर्माण का कार्य लम्बाई (0.40 +1.10 km )**

उक्त प्रभावित मोटर मार्ग ग्राम–**झाला – कोटी**गॉव से होकर गुजरता है। जिनकी आबादी लगभग 333है। यह मार्गबूढाकेदार –झाला मोटर मार्ग के कि0मी0--06 के अन्तिम बिन्दू पर निर्मित लौह सेतू के पार्षव सेप्रस्तावितकिया गया है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी। वर्तमान में गांव की महिलाएं पानी,लकडी,चारा आदि लेने के लिये दूर जाती है। मार्ग निर्माण के पश्चात उनका बहुमूल्य समय बचेगा,साथ ही वे अपने घर और बच्चों को अधिक समय दे पाएंगी,जिससे कि बच्चो का लालन--पालन तथा पठन पाठन ठीक से होगा। गांव में चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के और नए अवसर मिलेंगें। ग्रामवासी अपने उत्पादित फल,सब्जी,अनाज आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पाएंगे साथ ही गांव विकास की ओर अग्रसर होगा एंव स्थानीय लोगो को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

प्रथम समरेखण आरक्षित भूमि,सिविल व नाप भमि से होकर गुजर रहा है प्रथम संमरेखण को चयनित करने का कारण यह हे कि द्वितीय समरेखण के सापेक्ष प्रथम संमरेखण में आरक्षित वन भूमि कि लंबाई कम पढ रही है साथ ही वनो की क्षति कम हो रही हैं। प्रथम समरेखण पर मोटर मार्ग के निर्माण का कारण यह भी है कि मोटर मार्ग के निर्माण के फल स्वरूप वन विभाग के कर्मचारियों को भी वनों की सुरक्षा हेतू कोई कठिनाई नहीं होगी।है।समरेखण के अन्तर्गत कोई मकान, मन्दिर, मस्जिद एंव कब्रिस्तान का भाग नही पडता है।

उक्त मोटर मार्ग की लम्बाई 1.50 कि0मी0 है तथा मार्ग की चौडाई 7.00,9.00 मी0 ली गई है। मार्ग के निर्माण में 0.315 हे0 आरक्षित वन भूमि, 0.469 हे0 सिविल भूमि एंव 0.342हे0 नाप भूमि प्रभावित होती है। उक्त प्रयोजनार्थ इस भूमि हेतु निम्नतम समरेखणो पर विचार किया गया है।

**समरेखण नं0:– 1**इस समरेखण के अनुसार यह नव निर्मित मोटर मार्ग जनपद टिहरी गढवाल के विकास खण्ड भिलंगना में मार्गबूढाकेदार –झाला मोटर मार्ग के कि0मी0–06 के अन्तिम बिन्दू पर निर्मित लौह सेतू के पार्षवसे प्रस्तावित किया गया है। मार्ग की लम्बाई 1.5 कि0मी0 है।प्रस्तावित समरेखण लगभग 450.0 मीटर आरक्षित भूमि से 670.0 मीटर सिविल भूमि से एंव 380.0 मी0 नाप भूमि से होकर गुजरता हैं तथा कोटी गाड पर 6.00 मीटर की पूलिया का निर्माण आवष्यक होगा।इस समरेखण में कोई भी हेयर पिन बैण्ड नही पड रहा है साथ ही तकनीकी दृष्टि एवं मानको के अनुसार मोटर मार्ग का ग्रेड भी रखा गया है जिससे मोटर मार्ग के निर्माण से अधिकाधिक आबादी भी लाभान्वित होगी इसके अनुसार मोटर मार्ग की लम्बाई भी कम आती है साथ ही इस समरेरखण से समस्त ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि में सहमत है।

**समरेखण नं0:– 2**इस समरेखण के अनुसार यह नव निर्मित मोटर मार्ग भी जनपद टिहरी गढवाल के विकास खण्ड भिलंगना में बूढाकेदार –झाला मोटर मार्ग के कि0मी0–01 के अन्तिम बिन्दू से षुरू होता है। इस समरेखण में कोई भी हेयर पिन बैण्ड नही पड रहा है। यह समरेखण कोटी गॉव से पहले 0.800 मीटर पहले ही अपनी स्वीकृत 1.50 किमी0 की लम्बाई पूर्ण करता है। प्रस्तावित समरेखण लगभग 0.500 मीटर आरक्षित भूमि से एंव 1.0 किमी0 सिविल भूमि,500.0 मी0 से होकर गुजरता हैं तथा कोटी गाड पर 6.00 मीटर की पूलिया का निर्माण आवष्यक होगा। हैं साथ ही समरेखण के समान्तर सम्पूर्ण लम्बाई मे सिंचाई विभाग की नहर की पड रही है जिसकी क्षति होने के कारण निर्माण की लागत बढ सकती हैं। इस समरेखण में मोटर मार्ग के निर्माण के फलस्वरूप वृक्ष, अधिक प्रभावित होगे। तकनीकी दृष्टि एवं मानको के अनुसार मोटर मार्ग का ग्रेड भी सही नहीं मिलता है। एवं अधिक से अधिक आबादी भी लाभन्वित नहीं हो रही है इस समरेरखण से समस्त ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि में सहमत नहीं है।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता,<br>अ0ख0,लो0नि0वि0,घनसाली | सहायक अभियन्ता<br>अस्थाई खण्ड लोक निर्माण विभाग<br>घनसाली, टि0 ग0<br>सहायक अभियन्ता,<br>अ0ख0,लो0नि0वि0,घनसाली | अधिशासी अभियन्ता<br>अस्थाई खण्ड लो0नि0<br>अधिशासी अभियन्ता,<br>अ0ख0,लो0नि0वि0,घनसाली |